गृह मंत्रालय

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज अहमदाबाद में 'तिरंगा यात्रा' का शुभारंभ किया

हर घर तिरंगा अभियान देशभक्ति की अभिव्यक्ति के साथ-साथ 2047 में महान और विकसित भारत की रचना के संकल्प का एक प्रतीक बन गया है

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 2047 में भारत को पूर्ण विकसित बनाने के संकल्प की सिद्धी हेतु युवाओं को विशेष रूप से आगे आने होगा

हर घर तिरंगा अभियान पूरे देश में एक नई ऊर्जा का संचार कर रहा है

विगत 10 वर्षों में भारत ने अनेक उपलब्धियां प्राप्त की हैं, जिन पर पूरे विश्व को आश्चर्य है

मोदी जी द्वारा दिए गए खादी फॉर नेशन, खादी फॉर फैशन और हर घर तिरंगा, हर घर खादी के सूत्र को हमें चरितार्थ करना है

सभी देशवासी अपने घर, दफ्तर, कारखाने आदि पर तिरंगा लगायें, उसके साथ सेल्फी लें और हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ें

प्रविष्टि तिथि: 13 AUG 2024 8:20PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज अहमदाबाद में अहमदाबाद म्युनिसिपल कॉरपोरेशन द्वारा आयोजित 'तिरंगा यात्रा' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र पटेल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

इस अवसर पर गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा शुरू किया गया हर घर तिरंगा अभियान आज देशभक्ति की अभिव्यक्ति के साथ-साथ 2047 में महान और विकसित भारत की रचना के संकल्प का एक प्रतीक बन गया है। उन्होंने कहा कि ये अभियान न केवल गुजरात बल्कि पूरे देश में एक नई ऊर्जा के संचार का काम कर रहा है।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि 15 अगस्त को हम स्वतंत्रता के 78वें वर्ष में प्रवेश करने जा रहे हैं और इस अवसर पर गुजरात का एक भी घर या कार्यालय ऐसा नहीं रहना चाहिए जहां तिरंगा न फहरा रहा हो। उन्होंने कहा कि ये तिरंगा यात्रा इसीलिए शुरू की गई है कि पूरा गुजरात तिरंगामय बने और इसके माध्यम से गुजरात और देश के हर नागरिक के मन में देशभक्ति की भावना जागृत हो।

श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने जब आजादी का अमृत महोत्सव मनाने का निर्णय लिया तब उसके पीछे तीन लक्ष्य थे। पहला, देश के हर बच्चे, युवा और नागरिक को आजादी की लड़ाई के सम्पूर्ण इतिहास की पुन:स्मृति कराना। दूसरा, आजादी के 75 वर्ष में देश द्वारा प्राप्त की गई सिद्धियों की सभी नागरिकों, विशेषकर युवा पीढ़ी, को जानकारी देना। तीसरा, आज़ादी की शताब्दी तक के आगामी 25 वर्षों के अमृतकाल में देश के 140 करोड़ नागरिकों को देश के विकास के साथ जुड़कर भारत को पूरे विश्व में हर क्षेत्र में सर्वप्रथम बनाने का संकल्प लेना।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आज़ादी के अमृत महोत्सव की समाप्ति के बाद अमृतकाल में देश को सर्वप्रथम बनाने के संकल्प को याद दिलाने के लिए ही हर वर्ष हर घर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर हम देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व बलिदान देने वाले अनगिनत शहीदों को श्रद्धांजलि देते हैं।

श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में भारत ने अनेक उपलब्धियां प्राप्त की हैं जिन पर पूरे विश्व को आश्चर्य है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर हमारा तिरंगा पहुंचा है। श्री शाह ने कहा कि भारत दशकों से आतंकवाद और नक्सलवाद से पीड़ित था, लेकिन मोदी जी ने सर्जिकल स्ट्राईक और एयर स्ट्राईक करदेश के दुश्मनोंको जवाब देने का काम किया है। इसके साथ ही, कोरोना जैसी महामारी के समय तकनीक का उपयोग कर130 करोड़देशवासियों को वैक्सीन की दोनों डोज़ मुफ्त लगाकर उन्हें कोरोना से सुरक्षित करने का काम भी मोदी जी ने किया।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विज़न के अनुसार 2047 में देश को पूर्ण विकसित बनाने के संकल्प की प्राप्ति के लिए देश के युवाओं को विशेष रूप से आगे आने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आज यहां दूर-दूर तक हर व्यक्ति के हाथ में तिरंगा देखकर ये लग रहा है कि पूरा गुजरात इस संकल्प के साथ जुड़कर देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत हैं।

श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 9 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि हम सबको अपने घर, दफ्तर, कारखाने आदि पर तिरंगा लगाकर और उसके साथ सेल्फी लेकर इस अभियान के साथ जुड़ना चाहिए। श्री शाह ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से देशवासियों में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने और एक पूर्ण रूप से विकसित भारत बनाने के संकल्प के साथ हम सबको जुड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने देश में खादी का उपयोग बढ़ाने और उसके माध्यम से इसका व्यापार बढ़ाने की भी अपील की है। उन्होंने कहा कि हमें खादी फॉर नेशन, खादी फॉर फैशन और हर घर तिरंगा, हर घर खादी के सूत्र को चरितार्थ करना है।

*****

आरके / वीवी / आरआर / पीआर

(रिलीज़ आईडी: 2044997) आगंतुक पटल : 306

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: Khasi , English , Urdu , Marathi , Hindi_MP , Punjabi , Gujarati , Odia , Tamil , Telugu , Kannada